तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 19.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, बुधवार 18 मार्च 2026

10 क्षेत्र में अचानक बदला मौसम का मिजाज, बारिश के ...



11 एनीकेट की मरम्मत का किसानों ने खुद उठाया जिम्मा





## खबर संक्षेप

### माणिकेश्वर महादेव मंदिर में चोरी, भक्तों में रोष

**जगदलपुर।** कोंटा धाम के आराध्य भगवान शिव के प्राचीन माणिकेश्वर महादेव मंदिर में बीती रात्रि अज्ञात लोगों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। बताया जा रहा है कि कुछ अज्ञात लोग रात के समय मंदिर परिसर में प्रवेश कर चोरी कर फरार हो गए। मंदिर में चोरी की यह पहली घटना बताई जा रही है, जिससे क्षेत्र के श्रद्धालुओं में आक्रोश एवं चिंता है। मंदिर से जुड़े भक्तों ने इस घटना की निंदा करते हुए दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है। भक्तों का कहना है कि जिस किसी ने भी इस पवित्र स्थान पर इस तरह की कृत्य को अंजाम दिया है, वह जल्द ही कानून के शिकंजे में आएगा और भगवान शिव के कोप का भी भागी बनेगा। स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन से मामले की जांच कर दोषियों को जल्द पकड़ने की मांग की है।



### छात्राओं के गर्भवती होने का मामला कांग्रेस की जांच समिति बनी

**जगदलपुर।** बीजापुर जिले के गंगालुर क्षेत्र में 11वीं एवं 12वीं की 3 नाबालिग छात्राओं के गर्भवती होने के मामले की जांच पड़ताल के लिए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने जांच कमेटी का गठन किया है। कांग्रेस महामंत्री मलकीत सिंह गैदू ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि जिला पंचायत अध्यक्ष सुकमा मंगमा संयोजक के साथ 8 सदस्य जांच दल में शामिल किए शेष पेज 10 पर

# गोल्डन बुक आफ वर्ल्ड रिकॉर्ड का प्रमाण पत्र मिला चिड़यिम दंपत्ति को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपालपटनम

आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान रायपुर द्वारा 13 और 14 मार्च को समृद्ध जनजातियों के भव्य कला संस्कृति वेशभूषा को एक मंच पर प्रस्तुत करने एक अनूठा आयोजन आदि परब का आयोजन किया गया। जिसमें राज्य के विभिन्न जिलों में निवासरत 43 जनजातियों एवं सीमावर्ती राज्यों के आदिवासियों ने अपने अपने आदि चित्रकला, परिधान, अटायर शो की प्रस्तुति दी। आदि परब कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, मंत्री रामविचार नेताम ,केदार कश्यप, जनजाति आयोग अध्यक्ष रुपसिंह मण्डावी, संचालक हिना अनिमेष आदिम जाति अनुसंधान संस्थान और प्रशिक्षण संस्थान, प्रमुख सचिव आदिम जाति विकास विभाग थे। अटायर शो के दौरान बीजापुर जिले के एक बहुत ही सुन्दर मनमोहक जोड़ा पावर कपल भानुप्रताप चिड़यिम और उनकी अर्धांगिनी साधना चिड़यिम जो परधान जनजाति से आते हैं । अपने वेशभूषा और संस्कृति का परिचय दिया। इस दौरान मंच पर अपने प्रस्तुति से दर्शकों का मन मोह लिया । जिसे सुन्दर जोड़ी सुपर पावर कपल कहकर सराहा गया। आदि परब कार्यक्रम में परधान जनजाति की एक ऐतिहासिक पहचान इस जोड़े ने अपने परधान जनजाति की पारम्परिक संस्कृति, वाद्ययंत्रों, वेश-भूषा परिधान, आभूषणों, गीत संगीत, नाच गाना , अपने झलकियों से दर्शकों के बीच आकर्षण का केन्द्र रहे ।

## परधान जनजाति के वेशभूषा और आभूषण पहनकर दी प्रस्तुति



### पति- पत्नी ने दी आकर्षक प्रस्तुति

पति-पत्नी ने आदि परब में प्रतिभागी बनकर आकर्षक और भव्य प्रस्तुति देकर अपना नाम गोल्डन बुक आफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया। जिसके लिए पति, पत्नी दोनों को आदि परब मोमेंटो और प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया । इस आदि परब के माध्यम से इस जोड़े ने यह संदेश दिया कि लोग कितने ही आधुनिक क्यों न हों जायें पर अपनी मूल संस्कृति वेशभूषा एतिहास को जीवंत रखना भी भावी पीढ़ी की जिम्मेदारी है जिससे उनकी पहचान है।

## जिला शिक्षा अधिकारी और ब्लाक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में दबिश

# डीईओ व ब्लाक शिक्षा अधिकारी समेत 54 अधिकारी- कर्मचारी मिले गैरहाजिर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

जिला शिक्षा अधिकारी एवं विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में पदस्थ अधिकारियों कर्मचारियों के क्रियाकलापों एवं शासकीय कार्य में लापरवाही एवं उदासीनता बरतने के सम्बंध में जनप्रतिनिधियो एवं शिक्षक संगठनो के द्वारा समय समय पर संयुक्त संचालक शिक्षा को शिकायत प्राप्त होता रहा है। इसी प्रकार शासन के अति महत्वपूर्ण योजनाओ के क्रियान्वयन एवं अन्य शासकीय कार्य की जानकारी बारम्बार पत्र व्यवहार करने के उपरांत भी संबंधित कार्यालयों द्वारा समय सीमा में जानकारी ना देकर लापरवाही पूर्वक अनावश्यक विलंब से जानकारी दिये जाने के कारण शासकीय कार्य का संपादन एवं शासन स्तर पर जानकारियों का प्रेषण करने में अनावश्यक विलंब हो रहा था । इन परिस्थितियों के मद्देनजर एच. आर. सोम, संयुक्त संचालक शिक्षा एवं सी.एस. ध्रुव, उप संचालक शिक्षा द्वय ने आज विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में प्रातः 10.12 से 10.16 के मध्य आकस्मिक दबिश दी। इस दौरान बीईओ अनिल दास एवं अन्य समस्त 25 अधिकारी कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए । उसके बाद जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में प्रातः 10.25 से 10.30 के मध्य आकस्मिक दबिश के दौरान डीईओ बीआर बघेल समेत अन्य 29 अधिकारी कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए।

- कारण बताओ नोटिस जारी आज ही देना है जवाब



### जवाब के बाद कार्रवाई

संयुक्त संचालक शिक्षा ने जारी विज्ञप्ति में बताया कि दोनों कार्यालयों में अनुपस्थित कर्मचारियों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है। सभी से 18 मार्च तक प्रतिवाद मांगा गया है। प्रतिवाद संतोषजनक नहीं पाये जाने पर छग सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 के तहत कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

## दंतेश्वरी मंदिर समेत 4 गांव में बनेंगे डोम शेड

**जगदलपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव के प्रयास से जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थलों के संवर्धन व उन्नयन हेतु 1 करोड़ रुपए की राशि की स्वीकृति प्राप्त हुई है। विधायक ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार व धन्यवाद ज्ञापित किया है। उन्होंने बताया कि जगदलपुर बस्तर की आराध्य माई दंतेश्वरी मंदिर सहित ग्राम बम्हनी, मांझीगुड़ा, करनपुर तथा गरावण्ड खुर्द में डोम शेड निर्माण कार्य हेतु 20-20 लाख प्रत्येक के लिए कुल 1 करोड़ की स्वीकृति प्राप्त हुई है। देव ने बताया सभी कार्यो को जल्द प्रारंभ किया जायेगा। मंदिर में श्रद्धालुओं को डोम शेड के निर्माण से सुविधा मिलेगी। जनमानस के मांग के अनुरूप विकास कार्य कराए जायेंगे। बस्तर के विभिन्न स्थलों का संरक्षण व संवर्धन हमारा दायित्व है। जिसके तहत शहर एवं शेष पेज 10 पर



# यात्रा के लिए 170 एचआईवी मरीजों व 21 दिव्यांग को पास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

दिव्यांग एवं एचआईवी पीड़तिों को आने और जाने का किराया नहीं लगे, इसके लिए परिवहन विभाग ऐसे लोगों को बस के लिए पास दे रहे हैं। इसके तहत बस्तर जिले में अब तक एचआईवी एवं दिव्यांगों को यात्री बसों में यात्रा करने के लिए पास दिया गया । स्वास्थ्य विभाग की ओर से दिए गए प्रमाण पत्र से परिवहन विभाग दिव्यांग एवं एचआईवी के मरीजों को बस में सफर करने के लिए बस का पास दिया जा रहा है। इसमें अब तक जिले में 170 एचआईवी पीड़ति मरीजों को और 21 दिव्यांगों को बस का पास दिया गया हैं। जिले के सीएमएचओ डॉ. संजय बसाक ने बताया कि दिव्यांग और एचआईवी पीड़ति मरीजों को बस में मुफ्त यात्रा करने के लिए आरटीओ के माध्यम से बस का पास दिलाया जाता है। जिससे एचआईवी पीड़तिों को उपचार के लिए गांव से जगदलपुर एवं रायपुर जा सकें, हालांकि एचआईपी पीड़तिों का नाम गुप्त रखा जाता है। बस के लिए सीएमओ कार्यालय में एक भी आवेदन लंबित नहीं है।

- एचआईवी मरीज उपचार कराने व दिव्यांग बसों में यात्रा कर सकें



### यात्रा के लिए बस में दिया पास

क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी डीसी बंजारे ने इस संबंध में बताया कि शासन के निर्देश पर दिव्यांग एवं एचआईवी पीड़ति मरीजों को बस में जाना-आना सफर करने के लिए स्वास्थ्य विभाग के पत्र से पास दिया जाता है।



## खबर संक्षेप

### भाजपा मछुआरा प्रकोष्ठ के लोकनाथ बने जिला संयोजक

**फरसगांव।** राज्य में भारतीय जनता पार्टी के संगठन विस्तार के तहत भाजपा के मछुआरा प्रकोष्ठ की नई जिला टीम का गठन किया गया है। जिसमे कोंडागांव जिले से जिला संयोजक के रूप में भूमका निवासी लोकनाथ निषाद को नियुक्त कर संगठन ने बड़ी जिम्मेदारी दी है । प्रदेश भर में संगठन की ओर से 22 जिला संयोजकों और 35 सह संयोजकों की नियुक्ति की गई है। इसके अलावा 15 प्रदेश कार्यसमिति सदस्य तथा 2 प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य भी बनाए गए हैं। रायपुर शहर, धमतरी, बलौदाबाजार, सूरजपुर, बीजापुर, सुकमा, दंतेवाड़ा, बस्तर, कांकेर, कोंडागांव, रायगढ़, बिलासपुर आदि जिलों के लिए भी संयोजकों की नियुक्ति की गई है। नवनियुक्त जिला संयोजक लोकनाथ निषाद ने संगठन द्वारा दिए गए जिम्मेदारी को लेकर संगठन और पार्टी के शीर्ष नेताओं को धन्यवाद ज्ञापित किया है। जिला संयोजक नियुक्त होने पर पार्टी के सदस्यों व उनके चहेतों के साथ उनके समाज के द्वारा उन्हें शुभकामनाएं दी है। मंगलवार को ग्राम बड़ेडोगर में पार्टी के लोगों ने उनका स्वागत किया।

### वॉक इन इंटरव्यू 28 से 30 मार्च तक

**धमतरी।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पथर्रीडीह में अतिथि शिक्षकों की भर्ती के लिए वॉक इन इंटरव्यू 28 से 30 मार्च तक आयोजित किया जाएगा। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि वॉक-इन-इंटरव्यू के संबंध में पूरी जानकारी जिले की वेबसाईट पर अपलोड कर दी गई है। आवेदक वेबसाईट धमतरी डाट जीओवी डाट इन में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### पेंशनरों का धरना प्रदर्शन 20 को

**नगरी।** पेंशनरों का एक दिवसीय धरना प्रदर्शन 20 मार्च शुक्रवार को दोपहर 1 बजे रावणभाटा मैदान में किया जाएगा। शाम 4 बजे अपनी मांगों को लेकर एसडीएम कार्यालय में ज्ञापन सौंपा जायेगा। यह जानकारी अध्यक्ष आरएल देव तहसील कार्यालय शाखा नगरी ने दी।

### अवैध प्लाटिंग को रोकने जिला स्तर पर समिति गठित

**धमतरी।** कलेक्टर अबिनाश मिश्रा द्वारा जिले में अवैध प्लाटिंग को रोकने के लिए जिला स्तर पर समिति का गठन किया गया है। जिला स्तर पर अवैध प्लाटिंग पर समुचित कार्यवाही करने के लिए कलेक्टर श्री मिश्रा अध्यक्ष होंगे। पुलिस अधीक्षक, अपर कलेक्टर, आयुक्त नगर निगम, सभी मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगर पंचायत, सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, सहायक संचालक नगर एवं ग्राम निवेश तथा सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी समिति के सदस्य होंगे।

### आवेदन 31 मार्च तक मंगाए गए

**धमतरी।** एकीकृत बाल विकास परियोजना धमतरी ग्रामीण के तहत ग्राम रूद्री स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक-02 (पुलिस लाईन रूद्री) में पालना घर का संचालन किया जाना है। इसके लिए पालना घर कार्यकर्ता और सहायिका की भर्ती हेतु 31 मार्च तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

## पेज 9 के शेष

### छात्राओं के गर्भवती....

गए हैं। सदस्यों में नीना रावतिया, सुलोचना कर्मा, बबीता कवासी, बबीता मांडवी, पार्वती कश्यप, अनिता तेलम, रिंकी कोर्रम तथा पायल हेमला शामिल है। जांच दल के सदस्यों को अविलंब प्रभावित गांव, छात्रावास का दौरा कर पीड़िता व परिजनों समेत स्थानीय ग्रामवासियों, छात्रावास के अधिकारियों से भेंट चर्चा कर वस्तु स्थिति से अवगत होकर अपनी रिपोर्ट प्रदेश कांग्रेस को सौंपने को कहा गया है।

### दंतेश्वरी मंदिर...

ग्रामीण क्षेत्रों में देवगुड़ी, मातागुड़ी, मंदिरों का संरक्षण व संवर्धन करने का कार्य किया जा रहा है।

# जनसमस्या निवारण शिविर में दो हितग्राहियों को मिला लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

राज्य प्रवर्तित योजना के अंतर्गत संचालित मत्स्य पालन प्रसार कार्यक्रम के तहत ग्राम मटवाल में आयोजित जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में दो मत्स्य पालक कृषकों को मछली पकड़ने के लिए जाल वितरित किए गए। विभाग द्वारा यह जाल शत–प्रतिशत अनुदान पर प्रति कृषक 10 हजार रुपये की लागत से प्रदान किया गया, जिससे मत्स्य पालकों को अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अनीता कोर्राम, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष टोमेन्द्र ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती यशोदा कश्यप सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

**कृषकों को जाल का किया वितरण**



**मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के लिए चल रही योजनाएं**

सहायक संचालक, मछली पालन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के लिए शासन द्वारा कई आजीविका कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं, जिससे मत्स्य पालक आर्थिक रूप से सशक्त बन सकें।उन्होंने बताया कि वर्ष 2025–26 में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत तालाब एवं पोखर निर्माण, पोंड लाइनर स्थापना सहित अन्य गतिविधियों के माध्यम से मत्स्य पालकों की आय बढ़ाने के लिए कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में ग्राम पुसपाल निवासी शामू राम कश्यप और ग्राम जोड़ेंगा निवासी दिनेश दीवान को मत्स्याखेट के लिए जाल प्रदान किए गए।

## घंटों जनजीवन रहा प्रभावित, किसानों की चिंता बढ़ी, फसल को नुकसान

# क्षेत्र में अचानक बदला मौसम का मिजाज, बारिश के साथ गिरे ओले

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरसगांव



क्षेत्र में मंगलवार की शाम लगभग 4 बजे से अचानक मौसम का मिजाज बदल गया। देखते ही देखते आसमान में घने बादल छा गए और बारिश शुरू हो गई। कुछ ही देर बाद कई इलाकों में ओलावृष्टि भी हुई, जिससे नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में जनजीवन कुछ समय के लिए प्रभावित हो गया। अचानक बदले मौसम के कारण सड़कों पर बाइक सवार सवारों की आवाजाही धीमी पड़ गई और लोग बारिश व ओलों से बचने के लिए सुरक्षित स्थानों की ओर जाते नजर आए। अचानक हुई बारिश के दौरान बड़ेडोगर क्षेत्र में अधिक ओलावृष्टि हुई। तेज हवा के साथ हुई बारिश ने मौसम को ठंडा जरूर कर दिया, लेकिन किसानों की चिंता बढ़ा दी है।

ग्रामीण क्षेत्रों से मिल रही प्रारंभिक जानकारी के अनुसार कई किसानों ने खेतों में फसलों को लेकर चिंता जताई है। यदि ओलावृष्टि का असर अधिक रहा तो फसलों को नुकसान हो सकता है, जिससे किसानों को आर्थिक हानि का सामना करना पड़ सकता है। खबर लिखे जाने तक शाम 6 बजे तक बारिश हो रही थी। वही अचानक हुई बारिश में धान खरीदी केंद्र प्रभारियों की चिंता को बढ़ा दिया है। धान खरीदी बंद हो गई है लेकिन अभी तक केंद्र से धान का उठाव पूरी तरह से नहीं हुआ है। अचानक बारिश होने से प्रभारियों के द्वारा तत्काल केंद्र के पड़े हुए धान को पानी से बचाने त्रिपाल से ढंकवाया गया ताकि खराब न हो। जिनके प्रभारियों के पास पर्याप्त त्रिपाल थे। उन्हें दिक्कत नहीं हुई लेकिन जिनके पास त्रिपाल की कमी थी, उनको धान को भीगने से बचाने के लिये मशक्त करनी पड़ी।

### आम के बौर गिरे

मौसम के इस बदलाव का असर ग्रामीण इलाकों में किसानों की फसलों पर भी पड़ने की आशंका जताई जा रही है। खेतों में लगी धान, चना और विभिन्न प्रकार की सब्जियों की फसलों को नुकसान होने की संभावना बताई जा रही है। इसके साथ ही आम के पेड़ों पर लगे बौर और छोटे फलों पर भी ओलावृष्टि का असर पड़ सकता है। क्योंकि अचानक हुई बारिश से अधिकांश आम के पेड़ों पर लगे बौर पेड़ के नीचे गिर हुए नजर आए।

# जल संरक्षण की मिसाल-परचनपाल की पिंकी को मिला राष्ट्रीय सम्मान

नेताम ग्राम परचनपाल की हैं महिला जल वाहिनी सदस्य



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

जल संरक्षण की दिशा में बस्तर की महिलाओं की पहल अब राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना रही है। विगत 11 मार्च को नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में आयोजित जल महोत्सव में बस्तर विकासखंड के ग्राम परचनपाल की महिला जल वाहिनी सदस्य पिंकी नेताम को उनके उत्कृष्ट जल सेवा भाव और समर्पण के लिए पेयजल एवं जल शक्ति मंत्रालय द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ की कुल 13 महिला जल वाहिनी के सदस्यों को यह सम्मान मिला।

पिंकी नेताम की यह उपलब्धि न केवल उनके व्यक्तिगत प्रयासों का परिणाम है, बल्कि पूरे गांव की सामूहिक जागरुकता और भागीदारी का प्रतीक भी है। उन्होंने बताया कि गांव की महिला जल वाहिनी लगातार "पानी बचाओ अभियान" को आगे बढ़ाते हुए ग्रामीणों को जल संरक्षण के महत्व के प्रति जागरूक कर रही है। महिला जल वाहिनी द्वारा गांव में कई व्यवहारिक उपाय अपनाए जा रहे हैं।

### पानी की नियमित जांच

पानी की नियमित जांच, शुद्ध पेयजल के उपयोग को बढ़ावा, सार्वजनिक नलों से पानी का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग, और किचन व बाथरूम के अपशिष्ट जल का किचन गार्डन में पुनः उपयोग शामिल है। इसके साथ ही, जल स्त्रोतों के संरक्षण के लिए सोख्ता गड्ढों का निर्माण तथा बरसाती पानी का डबरी और तालाबों में संचयन जैसे प्रयास भी किए जा रहे हैं।

# प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना से बदली किसान जयराम की किस्मत

## मछली पालन से आय में कई गुना वृद्धि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव



विकासखंड के ग्राम जरेबेंदरी निवासी कृषक जयराम देवांगन ने प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना का लाभ लेकर मछली पालन के क्षेत्र में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। इस योजना से उनकी आय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और वे आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़े हैं।

पूर्व में जयराम देवांगन पारंपरिक रूप से धान और मक्का की खेती करते थे, जिससे उन्हें प्रतिवर्ष लगभग 1 लाख 10 हजार रुपये की आय प्राप्त होती थी। सीमित आय के कारण परिवार की आर्थिक स्थिति में विशेष सुधार नहीं हो पा रहा था। वर्ष 2022–23 में उन्होंने प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत अपनी 1.40 हेक्टेयर भूमि में तालाब निर्माण का निर्णय लिया। इसके लिए लगभग 15.40 लाख रुपये की लागत से तालाब का निर्माण कराया गया, जिसमें शासन की ओर से उन्हें 6.16 लाख रुपये का अनुदान प्राप्त हुआ। तालाब निर्माण के बाद उन्होंने आधुनिक तकनीकों का उपयोग करते हुए मछली पालन के साथ–साथ मत्स्य बीज उत्पादन का कार्य शुरू किया। इससे उनकी आय में तेजी से वृद्धि हुई। जहां पहले खेती से उन्हें लगभग 1 लाख रुपये की वार्षिक आय प्राप्त होती थी, वहीं अब मछली पालन से लगभग 7 लाख रुपये तक की आय हो रही है, जो पहले की तुलना में लगभग छह गुना अधिक है। मछली पालन से उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है और वे अन्य किसानों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बन गए हैं।

### शासन और विभाग का जताया आभार

कृषक देवांगन ने प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के लिए शासन, जिला प्रशासन और मत्स्य विभाग के सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि इस योजना से उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। वे भविष्य में इस कार्य को और आगे बढ़ाने की योजना बना रहे हैं।

# शबे कद्र की मुकद्दस रात में विशेष इबादत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपालपटनम

पवित्र माह रमजान के आखिरी अशरे में आने वाली मुकद्दस रात शबे कद्र के मौके पर अंजुमन इस्लामिक कमेटी द्वारा जामा मस्जिद में विशेष इबादत का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग मस्जिद में एकत्रित हुए और पूरी रात इबादत, तिलावत-ए-कुरआन और दुआओं में मशगूल रहे। नमाजियों ने मुल्क में अमन-चैन, भाईचारे और तरक्की के लिए दुआ मांगी। शबे कद्र रमजान के आखिरी दस दिनों में आने वाली एक बेहद मुकद्दस रात मानी जाती है।



जिसे इस्लाम में लैलातुल कद्र यानी इज्जत और बरकत वाली रात कहा जाता है। मान्यता है कि इसी रात में कुरआन शरीफ का नुजूल हुआ था और इस रात की इबादत हजार महीनों की इबादत से बेहतर मानी जाती है। इस अवसर पर विशेष नमाज (तराबी)जो रमजान में पढ़ाई जाती है उसका खतम-ए-कुरआन के बाद हाफिज साहब को कमेटी की ओर से नजराना पेश कर सम्मानित किया गया। वहीं भारतीय जनता पार्टी में नवनियुक्त अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर फारुख खान का भी अंजुमन इस्लामिक कमेटी एवं समाज के लोगों ने शाल ओढ़ाकर सम्मान किया । उपस्थित लोगों ने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए मुबारकबाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर फारुख खान ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी सबका साथ, सबका विकास की भावना के साथ कार्य करने वाली पार्टी है, जो सभी धर्मों का सम्मान करती है। उन्होंने आश्वासन दिया कि आम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने का प्रयास करेंगे। इस मौके पर कमेटी के जेरे साया सरदार खान साहब सदर अमीर खान साहब नायब सदर मिरांजा खान साहब सेक्रेटरी इरशाद खान खजांची अल अमरान खान प्रोग्राम का संचालन शेख अरब और शेख मकबुल ने किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में नमाजी मौजूद रहे।

# वनभूमि पर अतिक्रमण किया 4 आरोपियों को भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर वन मण्डल के अंतर्गत माचकोट परिक्षेत्र में सुकमा जिले से आए 4 आरोपियों द्वारा माचकोट के वन भूमि को खंडित कर अतिक्रमण करने के प्रयास करने हेतु वन अपराध दर्ज कर भारतीय वन अधिनियम 1927 तथा लोक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम 1984 की सुसंगत धाराओं के अधीन कार्यवाही की गई। अपराधियों को वन अपराध दर्ज कर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जगदलपुर जिला बस्तर के समक्ष प्रस्तुत किया गया। न्यायलय के आदेशानुसार सभी आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में केंद्रीय जेल जगदलपुर भेजा गया। यह कार्यवाही जगदलपुर वृत्त के मुख्य वन संरक्षक आलोक कुमार तिवारी, वन मंडलाधिकारी उत्तम कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन, उप वन मंडलाधिकारी देवलाल दुग्गा एवं वन परिक्षेत्र अधिकारी माचकोट सुमीत साहा के नेतृत्व में सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया। कार्रवाई में मुख्य रूप से परिक्षेत्र सहायक घुनुराम मरकाम, बुधसन बघेल, परिसर रक्षक घुड़सा राम मंडावी, रमेश कुमार बघेल, राजाराम कश्यप, गुलशन बघेल एवं वन सुरक्षा श्रमिक का विशेष सहयोग रहा। मुख्य वन संरक्षक ने वन सुरक्षा को लेकर कहा कि वनों की सुरक्षा के लिए विभाग सदैव तत्परता से कार्य कर रहा है। मैदानी अमले की मुस्तैदी से इस प्रकार के अपराध को रोकने के प्रयास आगे भी जारी रहेंगे। क्षेत्रवासियों से कहा कि वन सुरक्षा के लिए आगे आकर बढ़-चढ़ कर हिस्सा लें, कहीं वन अपराध घटित हो तो तत्काल वन विभाग को सूचित करें।

■ मैदानी अमले की मुस्तैदी से अपराध को रोकने का प्रयास जारी : सीसीएफ



### वन अपराध को रोकने का प्रयास जारी

एसडीओ जगदलपुर ने बताया कि विभाग वन अपराध के संबंध में जागरूकता फैला रहा है। वन अपराध कर वनों को क्षति पहुंचाने के दूरगामी परिणाम होते हैं। सभी अपराधियों को विधि अनुसार कार्यवाही कर जेल दाखिला कराया गया है। आगे भी वन सुरक्षा के लिए इस प्रकार की कार्यवाही की जाएगी।

### आरोपियों पर होगी सख्त कार्रवाई

माचकोट के परिक्षेत्र अधिकारी सुमीत साहा ने कहा कि इस प्रकरण में आरोपियों द्वारा वनभूमि को खंडित कर अतिक्रमण करने का प्रयास किया गया है। लोकसंपत्ति क्षति निवारण अधिनियम तथा भारतीय वन अधिनियम की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत कार्यवाही कर न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। भविष्य में भी ऐसे आरोपियों के विरूद्ध इस प्रकार की सख्त कार्रवाई की जाएगी।

डीएफओ ने बताया वन सुरक्षा सभी के लिए आवश्यक है। वनों से क्षेत्र के लोगों को प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष लाभ मिलता है। इस प्रकार के अपराध में लिप्त आरोपियों के विरुद्ध विधिसम्मत से कठोर कार्यवाही की जावेगी।

## छत्तीसगढ़ मानव अधिकार फाउंडेशन का जागरुकता कार्यक्रम

# ग्रामीणों को दी रोजगार, कर व्यवस्था और मानव अधिकारों की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव



छत्तीसगढ़ मानव अधिकार फाउंडेशन द्वारा ग्रामीणजनों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से अभियान प्रारंभ किया गया है। इसी क्रम में रविवार को कोण्डागांव जिले के गोंडवाना भवन में एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज जिला कोण्डागांव के जिला अध्यक्ष पनकू राम नेताम द्वारा जिले के विभिन्न ग्रामों से आए आदिवासी ग्रामीणजनों को आमंत्रित किया गया। इस दौरान उन्हें रोजगार, जीएसटी, आईटीआर, बीमा और मानव अधिकारों से संबंधित विषयों की विस्तृत जानकारी दी गई। जागरूकता कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ मानव अधिकार फाउंडेशन के संस्थापक लवकुमार रामटेके, सदस्य गीता सोनी, जिला अध्यक्ष दुर्ग परमेश्वर एन शर्मा और दुर्गेश साहू ने उपस्थित ग्रामीणों को विभिन्न विषयों पर जानकारी देकर उन्हें जागरूक करने का प्रयास किया। संस्थापक लवकुमार रामटेके ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य विशेष रूप से आदिवासी समुदाय को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और उन्हें सरकारी योजनाओं की जानकारी देना है, ताकि पात्रता अनुसार वे योजनाओं का लाभ लेकर आर्थिक रूप से सशक्त बन सकें।

### युवाओं को रोजगार के लिए किया प्रेरित

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित आदिवासी युवाओं से उनके वर्तमान रोजगार के बारे में जानकारी ली गई। उन्हें रोजगार के नए अवसरों तथा वित्तीय अधिकारों की जानकारी देकर आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया गया।

# निजी विद्यालयों के विद्यार्थियों ने 8वीं की परीक्षा सीबीएसई पाठ्यक्रम से दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर





शहर के चार स्कूल निर्मल विद्यालय, विद्या ज्योति, दीप्ति कान्वेंट एवं केन्द्रीय विद्यालय में सी बी ए स ई पा ठ्य क्र म संचालित हैं। इन स्कूलों में मंगलवार को 8 वीं के बच्चों ने हिन्दी विषय की परीक्षा दी। निर्मल विद्यालय के प्राचार्य फॉदर बीजू एलेक्स ने बताया कि इस स्कूल में 8 वीं कक्षा के 322 बच्चे परीक्षा दे रहे हैं, जो 19 फरवरी से 19 मार्च तक चलेगी। सीबीएसई एवं सीजी बोर्ड पाठ्यक्रम के परीक्षा पैटर्न और शैक्षणिक कैलेंडर अलग-अलग होते हैं। सीबीएसई मुख्य रूप से एनसीईआरटी पुस्तकों का पालन करता है, जबकि सीजी बोर्ड राज्य के पाठ्यक्रम पर केंद्रित होता है। जिला शिक्षा अधिकारी बलीराम बघेल ने बताया कि जिले में 638 माध्यमिक शाला संचालित हैं, जहां अब तक सीबीएसई पाठ्यक्रम के बच्चों को सीजी का प्रश्नपत्र नहीं दिया गया है। साथ ही शिक्षा विभाग बस्तर संभाग के संयुक्त संचालक एचआर सोम ने भी बताया कि ऐसी शिकायत संभाग में कहीं से नहीं मिली है।

# प्राचीन हिंगलाजिन माता मंदिर में नवरात्रि और प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी पूरी

**खबर संक्षेप**

## सीआरपीएफ के जवानों ने किया रक्तदान



**जगदलपुर।** केक कमांडिंग ऑफिसर डीआईजी श्वेता राजमनी की मार्गदर्शन में करनपुर स्थित सीआरपीएफ पोकरण बटालियन के जवानों ने सोमवार को जिला महारानी अस्पताल में आयोजित विशेष शिविर में उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। रक्तदान शिविर में कुल 22 लोगों ने उत्साह के साथ पंजीयन कराया, जिनमें से गहन स्वास्थ्य परीक्षण के उपरांत 21 यूनिट रक्त का संग्रह किया गया।

## बीआरसी ने परीक्षा केन्द्र का किया निरीक्षण



**जगदलपुर।** बस्तर जिले के तोकापाल ब्लॉक के माध्यमिक शाला पोटानार के 8 वीं के परीक्षा केन्द्र में तोकापाल के बीआरसी अजय शर्मा ने मंगलवार को पहुंचकर निरीक्षण किया।

## हैंड हेल्ड एक्स-रे तकनीक से बंदियों की टीबी जांच

**जगदलपुर।** जेल प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में सघन स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसका मुख्य केंद्र बिंदु टीबी (क्षय रोग) का उन्मूलन है। शिविर की सबसे खास बात आधुनिक तकनीक का समावेश है, जिसके तहत स्वास्थ्य कर्मी हैंड हेल्ड एक्स-रे मशीन के जरिए बंदियों की डिजिटल जांच कर रहे हैं। यह पोर्टेबल मशीन न केवल त्वरित परिणाम देने में सक्षम है, बल्कि जेल के सुरक्षित वातावरण के भीतर ही सटीक स्क्रीनिंग की सुविधा भी प्रदान कर रही है। इस अभियान के शुरुआती चरणों में अब तक कुल 194 बंदियों एवं संबंधित व्यक्तियों की सफलतापूर्वक जांच की जा चुकी है।

---

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

रियासतकालीन प्राचीन हिंगलाजिन माता मूल मंदिर, बेड़ा गांव में चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर भव्य आयोजन की तैयारियां पूर्ण हो चुकी हैं। इस दौरान मां भगवती शारदा भवानी (मैहर वाली) की प्राण प्रतिष्ठा के साथ विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान संपन्न किए जाएंगे। मंदिर परिसर में मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलन के साथ श्रद्धालुओं की आस्था का महासंगम देखने को मिलेगा।

यह मंदिर ऐतिहासिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। मान्यता है कि पाकिस्तान के बलूचिस्तान स्थित हिंगलाज माता शक्तिपीठ की शाखाओं में बस्तर और उड़ीसा के 300 से अधिक मंदिरों का उद्गम इसी बेड़ा गांव से जुड़ा है। बस्तर में मां दंतेश्वरी के साथ-साथ हिंगलाज माता के प्रति भी विशेष श्रद्धा देखने को मिलती है।

नवरात्रि के दौरान मंदिर में प्रतिदिन सत्यनारायण कथा, रुद्राभिषेक, सुंदरकांड,चंडी पाठ,चंडी जप एवं हवन जैसे अनुष्ठान विधिवत प्रशिक्षित आचार्यों के निर्देशन में संपन्न होंगे। क्षेत्र के श्रद्धालु पदयात्रा के माध्यम से पहुंचकर सेवा कार्यों में सहभागिता निभा रहे हैं।

करीब 300 वर्ष से अधिक प्राचीन इस मंदिर का गौरवशाली इतिहास और धार्मिक महत्व क्षेत्र में विशेष स्थान रखता है। मंदिर समिति के अनुसार पिछले वर्ष नवप्रतिमा की स्थापना के बाद इस बार मां शारदा भवानी (महासरस्वती) की विधिवत प्राण प्रतिष्ठा से मंदिर का आध्यात्मिक स्वरूप और सशक्त होगा।

### 28 मार्च को माता मंडई, आसपास के देवी-देवताओं का होगा समागम

**परंपरा और संस्कृति का संगम**

इस महाआयोजन को सफल बनाने के लिए सेवादार, मांझी, पुजारी, चालकी, सिरहा,सरपंच एवं बैस मालगुजार परिवार सहित ग्रामीण निरंतर जुटे हुए हैं। यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि बस्तर की समृद्ध परंपरा और सामुदायिक एकता का भी जीवंत उदाहरण बनेगा।



**अनुष्ठान से लेकर माता मंडई तक**

ठाकुर अजय सिंह बैस चैत्र नवरात्रि के दौरान हिंगलाजिन माता मंदिर में प्रतिदिन विविध धार्मिक अनुष्ठान आयोजित होंगे, जिनमें कथा, पूजन, जप और हवन प्रमुख रहेंगे। मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलन से भक्तों की आस्था और भी प्रबल होगी। नवरात्रि समापन के बाद 28 मार्च को भव्य माता मंडई का आयोजन किया जाएगा, जिसमें आसपास के देवी-देवता,पुजारी, जनप्रतिनिधि एवं राजपरिवार के सदस्य शामिल होकर इस आध्यात्मिक पर्व का समापन करेंगे। यह आयोजन क्षेत्र में आस्था, संस्कृति और परंपरा के अद्भुत संगम के रूप में स्थापित होगा।

---

### ढोढरेपाल में मना विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस

# घर बैठे ही ई-जागृति पोर्टल पर कर सकते हैं शिकायत दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर






राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग रायपुर के निर्देशानुसार हॉल ही में विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस के उपलक्ष्य में जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग जगदलपुर द्वारा उपभोक्ता कानूनों के प्रति जागरूकता हेतु एवं ई-फाईलिंग, ई-हियरिंग के संबंध में ग्राम ढोढरेपाल में शिविर आयोजन किया गया। कार्यक्रम के शुरूआत करते हुए जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग जगदलपुर के अध्यक्ष श्रीमती सुजाता जसवाल ने उपभोक्ता को परिभाषित करते हुए ई-हियरिंग के संबंध में छत्तीसगढ़ देश का पहला राज्य बनने की जानकारी देते हुए उपभोक्ता कानून की जानकारी उपस्थित लोगों को प्रदान कर ई-हियरिंग एवं ई-फाईलिंग के संबंध में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि आमजन को उपभोक्ता कानून का लाभ प्राप्त करने के लिए जिला आयोग की दूरी तय नहीं करनी पड़ेगी और आप घर बैठे ही ई-जागृति पोर्टल के माध्यम से अपने मोबाईल से अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। ऐसी स्थिति में आम उपभोक्ता बीमा, बैंकिंग सुविधा, कोचिंग संस्थान एवं निर्माण कार्य एजेंसियों के विरूद्ध आयोग के समक्ष अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। साथ-साथ आयोग में लगने वाले न्याय शुल्क के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की।

**ये रहे शामिल**

कार्यक्रम में प्रेमसिंह कश्यप सरपंच, कवंलसाय पाल उप सरपंच, सुनील श्रीवास्तव भूतपूर्व उप सरपंच, सदाशिव मौर्य, प्रेमबती, प्रेमबती, रैनी, तुलसा, पदमनी, रूकमणी, उमाशंकर देवांगन पंचगण सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन समेत उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के कर्मचारी अनंत कुमार बैद्य, अभिषेक तिवारी, सुधीर कुमार गुप्ता, भुवनेश्वर सिंह ठाकुर, अमित पटेल एवं संतोष कुमार देवांगन मौजूद थे।

---

### मैराथन के पहले सजाई रंगोली, किया डांस...




**जगदलपुर।** बस्तर हेरिटेज मैराथन के प्री-इवेंट के तहत मिताली चौक में मंगलवार की शाम रंगोली से सजाया गया। स्कूली बच्चों के द्वारा स्थानीय लोक गीतों पर फ्लेस मॉब डांस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा, जिला पंचायत सीईओ प्रतीक जैन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे ।




### शांति, एकता और सद्भावना के साथ विकास का संदेश देगा हेरिटेज मैराथन

**जगदलपुर।** बस्तर हेरिटेज मैराथन 22 मार्च को आयोजित होगी, जो शहर के लालबाग मैदान से शुरू होकर चित्रकोट जलप्रपात पर समाप्त होगी, जिसमें 25 लाख रूपए के इनाम हैं। इसके लिए अब तक 3000 लोगों ने पंजीकृत हुए हैं, चार श्रेणियों में आयोजित होने वाली मैराथन में विदेशी धावकों ने भी अपना पंजीयन करवाया है। इसका उद्देश्य बस्तर की संस्कृति को पर्यटन से जोड़ना और युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली के लिए प्रेरित करना है। उक्त बातें शहर के मां दंतेश्वरी मंदिर के सामने स्थित प्रेसवार्ता में कलेक्टर आकाश छिकारा ने कही। उन्होंने बताया कि इसमें सबसे लंबी मैराथन 42 किमी की होगी, जो जगदलपुर के लालबाग से चित्रकोट जलप्रपात तक होगी। इसके अलावा 5 किमी, 10 किमी और 21 किमी की हाफ मैराथन का आयोजन भी इसी के साथ किया जाएगा। 22 मार्च को लालबाग मैदान से सुबह 4 बजे 42 किमी की मैराथन शुरू होगी। पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी. ने बताया कि बस्तर में ईको-




टूरिज्म की संभावनाओं को देखते हुए पहली बार बस्तर हेरिटेज मैराथन का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन क्षेत्र में शांति, एकता और सद्भावना के साथ विकास का संदेश देगा। देश-विदेश से आने वाले धावकों के स्वागत के साथ इस कार्यक्रम को यादगार और सफल बनाने का प्रयास किया जाएगा। कमिश्नर डोमन सिंह ने कहा कि अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए यह प्री-इवेंट आयोजित किया गया है। इसके अलावा पत्रवार्ता में एसपी शलभ कुमार सिन्हा, जिला पंचायत के सीईओ प्रतीक जैन शामिल रहे।

---

## प्रत्येक सप्ताह एसडीएम दो स्कूलों, दो आश्रम-छात्रावासों पीडीएस दुकानों और आंगनबाड़ी केंद्रो का करेंगे निरीक्षण




हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- कलेक्टर ने समय-सीमा की बैठक में दिए निर्देश

कलेक्टर आकाश छिकारा की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट के प्रेरणा कक्ष में समय-सीमा की बैठक आयोजित की गई, जिसमें बस्तर मैराथन, खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स के भव्य आयोजन को प्रमुखता देते हुए जिले के विकास कार्यों की व्यापक समीक्षा की गई। बैठक के दौरान कलेक्टर ने शासन की मंशा के अनुरूप प्रशासनिक कसावट लाने के निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक सप्ताह एसडीएम अनिवार्य रूप से दो स्कूलों, दो आश्रम-छात्रावासों, पीडीएस दुकानों और आंगनबाड़ी केंद्रो का निरीक्षण करेंगे ताकि मैदानी स्तर पर व्यवस्थाओं को सुधारा जा सके। शिक्षा के क्षेत्र में पुस्तक दान महाभियान पर विशेष जोर देते हुए उन्होंने कहा कि 19 मार्च को जिला एवं ब्लॉक स्तर पर कार्यक्रम आयोजित कर पुस्तक दान महाभियान में अधिकाधिक लोंगों की सहभागिता हो। इस कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, अधिकारी और शिक्षक अनिवार्य रूप से पुस्तकें दान करें, क्योंकि किसी के लिए पुरानी पुस्तक, पढ़ने वाले के लिए वही पुस्तकें नई हो सकती है। उन्होंने स्कूलों के पास-आउट विद्यार्थियों को अधिक से अधिक संख्या में अग्निवीर भर्ती अभियान से जोड़ने कहा।

बैठक में कलेक्टर ने सुरक्षा बलों के शिविरों में भी रक्तदान शिविर आयोजित करने और आयुष्मान कार्ड की ब्लॉकिंग स्थिति में सुधार लाने को कहा। महिला एवं बाल विकास विभाग को पोषण ट्रैकर ऐप और प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के अंतर्गत 15 दिनों के भीतर नवजात बच्चों की जानकारी अपडेट करने तथा रिक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के पदों पर भर्ती प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश मिले। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की समीक्षा करते हुए उन्होंने धान उठाव की स्थिति, खाद-बीज के भंडारण और पीएम किसान सम्मान निधि के तहत आधार सीडिंग व एग्रीस्टैक की प्रगति का संज्ञान लिया। साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि स्वामित्व योजना का क्रियान्वयन और संपूर्णता अभियान 2.0 की डाटा एंट्री समय पर पूर्ण होनी चाहिए।

बैठक में पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रतीक जैन, वन मंडलाधिकारी उत्तम कुमार गुप्ता, अपर कलेक्टर सीपी बघेल, ऋषिकेश तिवारी, आयुक्त नगर निगम प्रवीण वर्मा, सहायक कलेक्टर विपिन दुबे सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

---

## चलती कार में लगी आग, बाल-बाल बचे सवार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कोड़ेनार थाना क्षेत्र स्थित बास्तानार घाट में चलती कार आग का गोला बन गई। गनीमत रही की कार में सवार लोग समय रहते बाहर निकल गए नहीं तो जनहानि हो सकती थी।

- एनएमडीसी कर्मचारी कार सर्विसिंग के लिए आ रहे थे जगदलपुर तभी हुआ हादसा
- कोड़ेनार थाना क्षेत्र के बास्तानार घाट की घटना

जब तक आग पर काबू पाया जाता तब तक घटना में आग का अगला हिस्सा पूरी तरह जलकर खाक हो गया।

जानकारी के मुताबिक चलती कार में अचानक आग लग गई। घटना में कार सवार चालक और एक अन्य युवक समय रहते वाहन से बाहर निकल गए जिससे दोनों की जान बाल-बाल बच गई। कार बचेली की बताई जा रही है जिसमे एनएमडीसी के दो कर्मचारी सवार थे जो कार की सर्विसिंग के लिए जगदलपुर आ रहे थे। इसी दौरान नेशनल हाईवे 63 बास्तानार घाट में अचानक कार के इंजन हिस्से से धुआं उठने लगा और देखते ही देखते वाहन में आग लग गई। आग लगते ही चालक ने तुरंत कार को सड़क किनारे रोका और दोनों युवक वाहन से बाहर निकल गए। कुछ ही देर में आग ने कार को पूरी तरह अपनी चपेट में ले लिया। घटना की सूचना मिलने के बाद आस पास के लोग कोड़ेनार पुलिस मौके पर पहुंचे और आग बुझाने की कोशिश की, हालांकि तब तक कार का अगला हिस्सा पूरी तरह जल चुका था।

घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची कोड़नोर पुलिस मामले की जांच शुरू कर दी है। फिलहाल कार में आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस तकनीकी खराबी समेत अन्य पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है। हाईवे में आग लगने के बाद आवाजाही कर रहे लोगों की भीड़ एकत्र हो गई और कुछ देर तक आवाजाही प्रभातिव रहा हालांकि पुलिस के पहुंचने के बाद लोगों को हटाकर आवागमन शुरू कर दिया गया।

---

## लोहण्डीगुड़ा व दरभा मंडल के कार्यकर्ताओं को संगठन विस्तार का मंत्र




हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भारतीय जनता पार्टी द्वारा संगठनात्मक मजबूती के उद्देश्य से सोमवार को चित्रकोट में पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत लोहण्डीगुड़ा एवं दरभा मंडल के कार्यकर्ताओं के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ किया गया।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं बस्तर जिला प्रभारी ने कहा कि प्रशिक्षण से कार्यकर्ता प्रखर, सजग और जिम्मेदार बनते हैं। प्रशिक्षण वर्ग केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं बल्कि भाजपा की सांगठनिक शक्ति को और अधिक सुदृढ़ करने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के माध्यम से कार्यकर्ताओं को पार्टी की विचारधारा, नीति-सिद्धांत, संगठनात्मक संरचना और जनसेवा के संस्कारों से समृद्ध किया जाता है,जिससे वे समाज के बीच प्रभावी भूमिका निभा सकें।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने संगठन विस्तार,बू थ प्रबंधन, कार्य पद्धति और वैचारिक अधिष्ठान जैसे विषयों पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया। वक्ताओं ने कहा कि प्रशिक्षित कार्यकर्ता ही सरकार की योजनाओं और पार्टी की नीतियों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने में सक्षम होते हैं।

प्रशिक्षण कार्यशाला का संचालन लोहण्डीगुड़ा मंडल महामंत्री ने किया। कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी,जनप्रतिनिधि और दोनों मंडलों के बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

---

## ग्रामीण क्षेत्र में मालवाहक पर ढो रहे यात्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

ग्रामीण क्षेत्रों में पिकअप, ट्रैक्टर और मेटाडोर जैसे मालवाहक वाहनों में यात्रियों को ढोना एक गंभीर और गैरकानूनी समस्या है, जो लगातार घातक हादसों का कारण बन रही है। विभाग की अनदेखी के कारण ग्रामीण जान जोखिम में डालकर सफर करते हैं, जबकि मोटर वाहन अधिनियम के तहत यह प्रतिबंधित है। ग्रामीण क्षेत्रों में मालवाहक वाहनों का उपयोग यात्रियों को ले जाने के लिए किया जा रहा है, जिसमें लोग असुरक्षित तरीके से लटककर यात्रा करते हैं। मालवाहक का उपयोग ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक किया जाता है। पैसा बचाने के लिए ग्रामीण इसी का उपयोग करते हैं, कम खर्च में मालवाहक आसानी से उपलब्ध भी हो जाता है। ग्रामीण क्षेत्रों में खासकर शादी, छट्ठी और मजदूरों को लाने ले जाने में उसका उपयोग हमेशा किया जा रहा है।



**उड़नदस्ता टीम को दिए निर्देश**

संयुक्त कलेक्टर एवं क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी डीसी बंजारे ने बताया कि उड़नदस्ता टीम को निर्देश दिए कि चालकों को मालवाहक वाहनों में यात्रियों को नहीं बिठाने की समझाइश दी जाए। लोगों को मालवाहक वाहनों में सफर करने से बचना चाहिए, ऐसे वाहनों पर विशेष नजर रख रही है।

---

# 5 मोर्चा के कार्यकारिणी का विस्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- जिलाध्यक्षों ने सभी पदों पर किया मनोनयन

भारतीय जनता पार्टी ने जिले के किसान मोर्चा, पिछड़ा वर्ग मोर्चा, अनुसूचित जनजाति मोर्चा, अनुसूचित जाति मोर्चा व अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला पदाधिकारियों व कार्यकारिणी की घोषणा की है। प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव व प्रदेश महामंत्री संगठन पवन साय की अनुमति एवं जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय की अनुशंसा से मोर्चा के जिला अध्यक्षों ने कार्यकारिणी घोषित की है।

जिला किसान मोर्चा में जिला अध्यक्ष योगेश ठाकुर, उपाध्यक्ष जितेन्द्र सेठिया, विष्णु प्रताप कश्यप, सतीश सेठिया व संगीता बघेल, महामंत्री मुरलीधर सेठिया व रामकेसरी गोयल, मंत्री फकीर कश्यप, महारू राम कश्यप, सत्यप्रकाश गुप्ता व गणेश सेठिया, कोषाध्यक्ष कौशल्या साहू व सह कोषाध्यक्ष प्रकाश रावल, मीडिया प्रभारी बंशीलाल मौर्य व सह मीडिया प्रभारी पीलूराम बघेल, सोशल मीडिया प्रभारी गुरूनारायण पाणिग्रही, कार्यालय प्रभारी सतीश बाजपेयी व सह कार्यालय प्रभारी बैदूराम कश्यप नियुक्त किये गये हैं।

भाजपा जिला पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष पीताम्बर सेठिया, उपाध्यक्ष नरसिंह ठाकुर, मनोहर सेठिया, राजेश ओकले व राधेश्याम पटेल, महामंत्री संतोष ठाकुर व मनोज ठाकुर , कोषाध्यक्ष विनायक बेहरा व सह कोषाध्यक्ष पीलाराम सोनी, मंत्री द्रोपती देवांगन, अनिता धागे, मानिकराम पंत व सुगंधा सोनी, कार्यालय प्रभारी जेपी यादव, मीडिया प्रभारी संजय चंदा और सोशल मीडिया प्रभारी राकेश ठाकुर को बनाया गया है। भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला अध्यक्ष संतोष बघेल, उपाध्यक्ष गागरा राम नाग, बामनराम वट्टी, कुलेश्वर कश्यप व ममता पोटाई, महामंत्री धरमूराम मण्डावी व राधेश्याम पेन्द्रे, मंत्री महादेव नाग,परदेशी बघेल,कमलू करटाम व चमेली जिराम, कोषाध्यक्ष संतोष गौर, कार्यालय मंत्री प्रेम सिंह बघेल, मीडिया प्रभारी भरत कश्यप व सोशल मीडिया प्रभारी भागरथी मौर्य नियुक्त हुए हैं।

**अजजा मोर्चा के महामंत्री बने हेमंत**

अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष विनय सोना,उपाध्यक्ष अजय कुमार बघेल, अमलू नाग,चेरगाराम बघेल व अमल बैस, महामंत्री हेमन्त ओगर व अमित मेहरा, कोषाध्यक्ष वीरनारायण दुधी व सह कोषाध्यक्ष सुरेश कश्यप , मंत्री विवेक रंगारी, बलराम बेसरा, कमलेश बघेल,अरूण बघेल, मीडिया प्रभारी बालेश्वर नाग व सह मीडिया प्रभारी रतुराम बघेल एवं सोशल मीडिया प्रभारी तुषार देड़ी बने हैं।

**अल्पसंख्यक मोर्चा में जिम्मेदारी**

जिला अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष मोहम्मद अजीज खान, उपाध्यक्ष तेजपाल सिंह जस्वाल, विवेक पारेख, नवीन बोथरा व हिना खातून, जिला महामंत्री मोहम्मद मनसूर रिजवी व वसीम खान जेकी, मंत्री सैयद ररूकी हुसैन, अब्बास रजा, नरेंद्र सिंह खालसा व अरशद अंसारी, कोषाध्यक्ष हामिद हुसैन, कार्यालय मंत्री मोहम्मद सोहेल व सोशल मीडिया प्रभारी शेख सम्दानी नियुक्त किये गये हैं।



